प्रभात खबर - 26/12/2022

# मनायी गयी अटल व मालवीय जी की जयंती




मालवीय जी की जयंती पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे .

**लखीसराय.** शहर के नाथ पब्लिक स्कूल के विश्वनाथपुरम में भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी व महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती धूमधाम से मनायी गयी . इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ . शुरुआत संस्था के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने की . उद्घाटन संबोधन में सचिव ने कहा कि आज का दिन वास्तव में अद्भुत है, क्योंकि आज के दिन जहां हम पूरब के लोग अटल जी तथा मालवीय जी रूपी रत्न को याद करते हैं, वहीं भगवान ईसा मसीह को भी याद करते हैं . प्राचार्या विनीता सिन्हा ने बच्चों को संबोधित किया . कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रोहित कुमार, गौतम कुमार, दिलीप कुमार, स्वार्थ, मनीष कुमार, विद्यासागर, साक्षी, रूबीना, शिखा, पूजा, बिंदु, सोनी, राकेश आदि ने विचार रखे . सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा नंदनी, दिव्यांजलि, संजन, अभिज्ञान, मुस्कान, अन्नु खुशी, स्नेहा, मेघा, सिमरन, अंजली ने अपने प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया . अर्णव, गुलशन, राजीव ने अपने वक्तव्य से सबका दिल जीत लिया . नाथ अमिताभ ने धन्यवाद ज्ञापन किया .

# पंडित मालवीय एवं पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया

जागरण - 27/12/

**संवाद सहयोगी, लखीसराय** : शहर के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में रविवार को भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी तथा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती एक साथ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि आज का दिन वास्तव में अद्भुत है।

उन्होंने कहा कि आज के दिन हमलोग अटल बिहारी बाजपेयी एवं पंडित मदन मोहन मालवीय जी रूपी रत्न को याद करते हैं। वहीं भगवान ईशा मसीह को भी याद करते हैं। 25 दिसंबर को उन्होंने काफी पावन दिन के रूप की संज्ञा दी। प्राचार्या विनीता सिन्हा ने बच्चों को क्रिसमस के साथ -साथ पंडित मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में बताया। कार्यक्रम को शिक्षक रोहित, गौतम, दिलीप, स्वार्थ, मनीष, विद्यासागर, साक्षी, रूबीना, शिखा, पूजा, बिंदु, सोनी व राकेश कुमार ने संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा नंदनी, दिव्यांजलि, संजम, अभिज्ञान, मुस्कान, अन्नु खुशी, स्नेहा, मेघा, सिमरन, अंजली ने अपने प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र अर्णव, गुलशन, राजीव ने अपने वक्तव्य से सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर बच्चों की प्रस्तुति को काफी सराहा गया। स्कूल के मैनेजर नाथ अमिताभ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



नाथ पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं • जागरण

- **नाथ पब्लिक स्कूल में वाजपेयी तथा महामना मालवीय की मनाई जयंती**
- **स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि आज का है अद्भुत**

# टैलेंट सर्च परीक्षा में नाथ पब्लिक स्कूल का आदित्य जिला टॉपर

प्रभात खबर / 21-12-22

**लखीसराय.** राज्य स्तरीय ऑनलाइन श्री निवासन रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स प्रतियोगिता में शहर के नाथ पब्लिक स्कूल के नौवीं वर्ग का छात्र आदित्य राज ने 50 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. बुधवार को परीक्षा परिणाम आने के बाद आदित्य राज अपने विद्यालय पहुंच गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया. वहीं गुरुवार को उसे पटना बुलाया गया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर नाथ अमिताभ ने बताया कि सत्यम कुमार व मनोरमा कुमारी का पुत्र आदित्य राज उनके विद्यालय के नौवीं कक्षा का होनहार छात्र है. जिसने विगत दस दिसंबर को आयोजित हुए टैलेंट सर्च परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर उनके विद्यालय का भी मान बढ़ाया है. वहीं छात्र आदित्य राज ने बताया कि उनकी सफलता का श्रेय उसके गुरुजन व उसके माता पिता को जाता है. जो लगातार उनका उत्साहवर्धन करते रहे हैं. वहीं मौके पर विद्यालय के निदेशक विश्वनाथ प्रसाद ने आदित्य को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की.



आदित्य राज .

## टैलेंट सर्च टेस्ट में इंदुपुर के अमन को मिला सातवां स्थान

**बड़हिया.** पिछले 10 दिसंबर को पॉलिटेक्निक कॉलेज लखीसराय में आयोजित हुई राज्य स्तरीय ऑनलाइन श्री निवासन रामानुजम टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स में बड़हिया शिक्षा अंचल में मध्य विद्यालय इंदुपुर के सातवीं के छात्र अमन कुमार ने सातवां स्थान प्राप्त किया. प्राचार्य मुकुल कुमार ने बताया कि सफल हुए छात्रों को गुरुवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज लखीसराय में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा. अमन कुमार की सफलता के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों में खुशी का माहौल है.

4/12/2022

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com

# द्रोणाचार्य अवार्ड से नवाजी गई नाथ पब्लिक स्कूल की पीयुषी

लखीसराय, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर शहर के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा यूकेजी की छात्रा पियुषी कुमारी को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिछले एक वर्ष में पियुषी विद्यालय में अनुशासन, पढ़ाई और गुरुभक्ति की मिसाल कायम की है। संस्थान ने हर साल राजेन्द्र बाबू की जयंती पर एक विद्यार्थी को द्रोणाचार्य पुरस्कार देने का फैसला किया है। सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहने और इसका अनुपालन करने वाले अन्य छात्र-छात्राएं पूजा, अंजलि, मुस्कान, गौरव व गुलशन भी पुरस्कृत हुए। अध्यक्षता संस्थान के प्रबंधक नाथ अमिताभ ने किया।

# नाथ पब्लिक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति की जयंती पर द्रोणाचार्य अवार्ड शुरू




**लखीसराय.** शहर के लाली पहाड़ी स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में शनिवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनायी गयी . साथ में सड़क सुरक्षा सप्ताह का भी आयोजन किया गया . नाथ पब्लिक स्कूल ने फिर जिले में एक अनोखी परंपरा की शुरुआत करते हुए प्रथम राष्ट्रपति की जयंती के दिन को साक्षी मानते हुए द्रोणाचार्य अवार्ड की शुरुआत की . द्रोणाचार्य अवार्ड विद्यालय के बच्चों में उन्हें प्रदान किया जायेगा, जिन्होंने पूरे वर्ष में कोई ऐसा कार्य किया हो जो कि गुरु–शिष्य परंपरा के लिए मिसाल हो . विद्यालय का प्रथम द्रोणाचार्य अवार्ड पियुषी कुमारी वर्ग यूकेजी की छात्रा को दिया गया . इसे देखकर विद्यालय के अन्य बच्चों ने भी विश्वास दिलाया कि अगले वर्ष हम सभी इसके लिए प्रयास करेंगे . मौके पर राजेंद्र बाबू के भारतीय आजादी तथा भारतीय लोकतंत्र के स्थापना में किये गये विशेष कार्यों का वर्णन किया गया . इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या विनीता सिन्हा, गौतम कुमार, नाथ अमिताव, रोहित, दिलीप, बिंदु, सोनी, साक्षी, पूजा, शिखा, स्वारथ आदि उपस्थित थे . बच्चों में पूजा, अंजली, मुस्कान, गौरव, गुलशन आदि ने अपना अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया .

प्रभात खबर - 4.12.22

भास्कर. 5.12.22

# यूकेजी की छात्रा को मिला द्रोणाचार्य अवार्ड

**लखीसराय** | सड़क सुरक्षा सप्ताह और देश रत्न की जयंती पर नाथ पब्लिक स्कूल ने स्कूल की यूकेजी की छात्रा पीयूषी कुमारी को द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया। यह पुरस्कार उसे गुरुभक्ति, अनुशासन और पढ़ाई के क्षेत्र में विशिष्टता जे लिए मिला है।बपिछले एक वर्ष में पीयूषी विद्यालय में अनुशासन,पढ़ाई और गुरुभक्ति की मिसाल कायम की है। संस्थान ने हर साल राजेन्द्र बाबू की जयंती पर एक विद्यार्थी को द्रोणाचार्य पुरस्कार देने का फैसला किया है।



छात्रा पीयूषी।

जागरण 2/12/2022

# ट्रैफिक नियमों की अनदेखी बन सकती है जानलेवा

## शहर के नाथ पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता पाठशाला का हुआ आयोजन, दी गई जानकारी

### सड़क सुरक्षा अभियान

**संस,लखीसराय:** सड़क दुर्घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है लेकिन जागरूकता से दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है। लखीसराय जिले में हर रोज दर्जन भर से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घट रही है। लोग घर पहुंचने की जल्दबाजी में ट्रैफिक नियम तोड़ रहे हैं। इस कारण दुर्घटनाएं हो रही है। इसके लिए वाहन चालकों और आमजनों को जागरूक होना होगा और यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है।

इसके लिए दैनिक जागरण और परिवहन विभाग का संयुक्त प्रयास काफी सराहनीय है। उक्त बातें गुरुवार को शहर के नया बाजार लाली पहाड़ी स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता पाठशाला को संबोधित करते विद्यालय के निदेशक विश्वनाथ प्रसाद ने कही। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा नौ एवं 10 के छात्र-छात्रा के अलावा चालक, उप चालक एवं शिक्षक शामिल हुए। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कि आप सभी विद्यालय आने-जाने के क्रम में सड़कों पर जब भी परिवहन करें तो अनुशासन के साथ सावधानी बरतें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने घरों में भी अपने स्वजनों को ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए वाहन परिचालन करने के लिए प्रेरित करें। बच्चों की सुरक्षा के साथ वाहनों के फिटनेस पर ध्यान दें। ओम साईं मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल लखीसराय के संचालक रोहित कुमार ने विद्यालय के वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया कि आप सभी अपने वाहनों के फिटनेस पर जरूर ध्यान दें। ताकि बच्चों का सुरक्षित परिवहन कर सकें। उन्होंने बताया कि वाहन से बच्चों को लाने के समय ओवर स्पीड, ओवरटेक और ओवरलोडिंग से परहेज करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए वाहनों का परिचालन करें। ट्रेनर रोहित कुमार ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ट्रैफिक नियम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्रा बाइक एवं स्कूटी का परिचालन नहीं करें। सड़क क्रास करते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें।



शहर के नाथ पब्लिक स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते ट्रेनर रोहित कुमार • जागरण

**...ताकि यात्रा हो सुरक्षित**

जागरण के इस महाअभियान में आप भी सहभागी बन सकते हैं। आप भी सड़कों की सुरक्षा का आडिट कर सकते हैं। जहां कहीं भी कुछ गलत दिखे, जैसे अवैध कट, खराब सिग्नल, गड्ढे आदि जिनसे दुर्घटना का खतरा हो। तत्काल उसका फोटो खींचें, वीडियो बनाएं और भेज दें हमें इस नंबर पर। निश्चय ही हम सभी के सामूहिक प्रयास सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सफल साबित होंगे।

**9771701717**

विस्तृत कवरेज के लिए स्कैन करें


व न्यायालय,
श्रीमान सब जज प्रथम, लखीसराय।
**दिवानी वाद संख्या - 74/2021**
प्रेमलता कुमारी पति श्री नवल प्रसाद साकिन विद्यापीठ चौक इंगलिश, लखीसराय, पोस्ट थाना व जिला-लखीसराय --- वादी।
बनाम
1. पार्वती देवी पति स्व जयनारायण प्रसाद, 1 (A) जयंति देवी पति स्व जितेंद्र प्रसाद (B) दीपशिखा (C) मोनालिसा (D) जयजित सत्यम (नाबालिग) अभिभावक जयंति देवी व तीनों का पिता स्व जितेंद्र प्रसाद (E) आनंद कुमार पिता स्व जय नारायण प्रसाद (F) रिंकी कुमारी पति आनंद कुमार (G) उमंग कुमार (नाबालिग) अभिभावक पिता आनंद कुमार (H) खुशी कुमारी (नाबालिग) पिता आनंद कुमार (I) नवल प्रसाद पिता स्व जयनारायण प्रसाद

9.2.2022

# देश में 9 एक्सप्रेसवे पर 184 और 16 हाईवे पर 1392 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनेंगे, मंत्रालय की मंजूरी

## 68 शहरों में 2877 ईवी चार्जिंग स्टेशन भी खुलेंगे

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

देश के 9 एक्सप्रेसवे व 16 हाइवे पर 1576 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। इसके अलावा 68 शहरों में 2877 ईवी चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे। भारी उद्योग मंत्रालय ने फेम योजना (फास्टर एडोप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल इन इंडिया) के फेज-2 में इन स्टेशनों को स्थापित करने की अनुमति दी है। मंत्रालय ने अगले वित्त वर्ष में स्टेशन निर्माण में मदद के लिए 1000 करोड़ रुपए का आवंटन किया है। यह जानकारी मंगलवार को भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी।

एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि देश में अभी करीब 10 लाख इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर हैं। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उन्नत कैमिकल बैटरी बनाने की लागत कम करने के लिए सरकार ने बीते साल मई में पीएलआई स्कीम को मंजूरी दी थी। इसके तहत 5 साल में 18,100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। स्कीम के तहत अब तक 115 देशी व विदेशी कंपनियों के आवेदन मिले हैं। गुर्जर ने बताया फेम योजना के फेज-1 में 520 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी गई थी। इसमें से 462 स्टेशन बन चुके हैं। इनमें दिल्ली (94), हैदराबाद (57), बेंगलुरू (50), जयपुर (49), चंडीगढ़ (48), गोवा (30) व रांची (29) समेत 10 शहरों में 382 चार्जिंग स्टेशन लग चुके हैं।

## राजस्थान में सबसे ज्यादा ईवी स्टेशन

देश में 1536 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इनमें सबसे अधिक राजस्थान में 174 हैं। उसके बाद मध्य प्रदेश में 167 हैं। फिर उत्तर प्रदेश में 128, हरियाणा में 114, तेलंगाना में 112, कर्नाटक में 100, महाराष्ट्र में 88, गुजरात में 87, तमिलनाडु में 76, बंगाल में 71 चार्जिंग स्टेशन हैं।

# स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति की ध्वजा को लहराया

## चानन के मवि लाखोचक में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन पुरस्कृत हुए प्रथम तीन प्रतिभागी, सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में मनी जयंती

जागरण टीम, लखीसरायः बुधवार को युवा दिवस के मौके पर जिले भर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर लोगों ने माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

खासकर सभी शिक्षण संस्थानों में उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी विद्यालयों में विभागीय आदेश पर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। हालांकि अधिकांश सरकारी विद्यालयों ने सरकारी आदेश की अवहेलना ही की। चानन के मध्य विद्यालय लाखोचक में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार विद्यालय की बाल संसद व मीना मंच ने यह आयोजन किया। बाल संसद की प्रधानमंत्री ...या कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित जयंती समारोह का संचालन बाल संसद की शिक्षा मंत्री अन्नु कुमारी ने किया। इस अवसर पर सभी छात्रों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और नमन किया। संस्कृत शिक्षक पीयूष कुमार झा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति की ध्वजा को लहराया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त क्रमशः प्रिंस कुमार, प्रिया कुमारी एवं वर्षा कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आनंद कुमार, सरिता कुमारी, रिंकू कुमारी आदि उपस्थित थे। लखीसराय स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में संस्थान के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में कार्यक्रम हुआ। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रबंधक नाथ अमिताभ, प्राचार्य विनीता सिन्हा, शिक्षिका बिंदु कुमारी, पूजा कुमारी, श्रुति कुमारी, रोहित कुमार, गौतम कुमार सिंह, मनोज कुमार वर्मा एवं दिलीप कुमार शामिल थे।

आर. लाल महाविद्यालय परिसर में अखिल विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मनीष कुमार यदुवंशी के अलावा सह मंत्री गणेश कुमार, रोहित कुमार, साहिल कुमार, अजीत कुमार, भुल्ला राज, रवि कुमार, दीपक कुमार, छोटू कुमार आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। नया बाजार स्थित स्काई विजन पब्लिक स्कूल में प्राचार्या गायत्री अचार्जी की अध्यक्षता में विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक नीरज कुमार, प्रबंधक विमलेश कुमार, शिक्षक प्रमोद कुमार, सौरव तिवारी, अभिषेक कुमार, ईशिता, सोम, प्रियंका गुप्ता, श्रुति राज, प्रभाकर कुमार आदि ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।


स्काई विजन पब्लिक स्कूल में विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण करती प्राचार्य गायत्री अचार्जी • जागरण



चानन के मवि लाखोचक में स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते शिक्षक पीयूष कुमार • जागरण


नाथ पब्लिक स्कूल मे स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद व अन्य • जागरण

**कार्यक्रम** • देश के युवाओं और राष्ट्रवाद के लिए समर्पित थे स्वामी विवेकानंद : विश्वनाथ प्रसाद

13-01-2022

# दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु व शिक्षाविद थे विवेकानंद

भास्कर न्यूज़ | लखीसराय

स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बुधवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्काई विजन एवं नाथ पब्लिक स्कूल में जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्ध सर्किट के विश्वनाथपुरम स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती मनाई गई। संस्थान के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रबंधक नाथ अमिताभ ने संचालन किया। स्कूल के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद राष्ट्रवाद और देश के करोड़ों युवाओं एवं नौजवानों के लिए समर्पित थे। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रवाद के उत्थान में स्वामी विवेकानंद का बहुत बड़ा योगदान रहा है। स्वामी जी का दर्शन, आदर्श और काम करने का तरीका भारतीय युवाओं के लिए आज भी प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी धर्म, दर्शन, इतिहास, कला, सामाजिक विज्ञान, साहित्य और शास्त्रीय संगीत के ज्ञाता थे। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रबंधक नाथ अमिताभ, प्राचार्य विनीता सिन्हा, शिक्षिका बिंदु कुमारी, पूजा कुमारी, श्रुति कुमारी, रोहित कुमार आदि थे।



स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विवेकानंदजी की तस्वीर मर माल्यार्पण करते शिक्षक व अन्य।

## स्वामी जी की बातों को जीवन में अनुसरण करने की जरूरत

स्काई विजन पब्लिक स्कूल में भी में विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्य गायत्री आचार्य जी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जी की पहली चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु और महान शिक्षाविद थे। उनकी हर बातों को जीवन में अनुसरण करने की जरूरत है। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी जी एक्शन की नहीं बल्कि महान देशभक्त, प्रसिद्ध वक्ता, विचारक लेखक और मानव प्रेमी थे। स्कूल की सचिव सविता शर्मा ने विवेकानंद जी को देश जा धरोहर बताया। मौके पर स्कूल शशक नीरज नीरज राज प्रबंधक विमलेश कुमार, प्रमोद कुमार, सौरभ तिवारी, अभिषेक कुमार इशिता सोम आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

- देश के युवाओं और राष्ट्रवाद के लिए समर्पित थे स्वामी विवेकानंद : विश्वनाथ प्रसाद
- नाथ पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विवेकानंद जी के चित्र पर दी गयी पुष्पांजलि

**प्रतिनिधि, लखीसराय** 13/01/2022 प्रभात खबर

शहर के वार्ड नंबर 33 बौद्ध सर्किट के विश्वनाथपुरम स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी गयी. मौके पर संस्थान के निदेशक विश्वनाथ प्रसाद के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया. संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के निदेशक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद राष्ट्रवाद और देश के करोड़ों युवाओं एवं नौजवानों के लिए समर्पित थे. उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रवाद के उत्थान में स्वामी विवेकानंद का बहुत बड़ा योगदान रहा है.

स्वामी जी का दर्शन, आदर्श और काम करने का तरीका भारतीय युवाओं के लिए आज भी प्रेरणा स्रोत है. विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की 160 वीं जयंती पर इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस को भारत की आजादी का अमृत महोत्सव से जोड़ा गया है. इसलिए केंद्र सरकार ने देश के रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के सभी संस्थानों में 15 अगस्त 2022 को स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्सव एवं आजादी का अमृत महोत्सव एक साथ मनाए जाने के लिए निर्णय ली है. उन्होंने कहा कि स्वामी जी धर्म, दर्शन, इतिहास, कला, सामाजिक विज्ञान, साहित्य और शास्त्रीय संगीत के ज्ञाता थे. इतना ही नहीं वे एक कुशल खिलाड़ी भी थे. इसलिए उन्हें युवाओं के प्रेरणा स्रोत कहने पर उन्हें गर्व महसूस होता है. पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रबंधक नाथ अमिताभ, प्राचार्य विनीता सिन्हा, शिक्षिका बिंदु कुमारी, पूजा कुमारी, श्रुति कुमारी, रोहित कुमार, गौतम कुमार सिंह, मनोज कुमार वर्मा एवं दिलीप कुमार शामिल थे.



विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते निदेशक विश्वनाथ प्रसाद.

## योग-वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय जाता है स्वामी विवेकानंद जी को



**पीरीबाजार.** क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व रेलवे अभयपुर के दुर्गा स्थान के प्रांगण में बुधवार को स्वामी विवेकानंद जी की 160वीं जयंती मनायी गयी. जिसके आयोजक रोशन कुमार थे. मौके पर रोशन कुमार ने कहा कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनायी जाती है. इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है. विवेकानंद जी बहुत कम उम्र में ही संन्यासी बन गये थे. पश्चिमी देशों को योग-वेदांत की शिक्षा से अवगत कराने का श्रेय स्वामी जी को ही जाता है. स्वामी जी ने 19वीं शताब्दी के अंत में विश्व मंच पर हिंदू धर्म को एक मजबूत पहचान दिलायी थी. स्वामी विवेकानंद का असली नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जिन्हें नरेन दा के नाम से भी जाना जाता है. बहुत कम उम्र में ही उनका झुकाव अध्यात्म की तरफ हो गया था. मौके पर अनंत कुमार, मनोहर सिंह, नवीन निराला, दयानंद जी, शंभु तुरी तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे.

## अभाविप ने आर लाल कॉलेज में मनायी विवेकानंद जयंती

**लखीसराय.** स्थानीय आर लाल महाविद्यालय लखीसराय में अखिल विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनायी गयी. मौके पर विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक मनीष कुमार यदुवंशी ने कहा कि 25 वर्ष की अल्पायु में विश्व के वैश्विक क्षितिज में भारतीय दर्शन को आलोकित करने वाले स्वामी जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में सभी युवाओं के लिए राष्ट्र-निर्माण हेतु कृत संकल्पित होने का सुअवसर देता है. राष्ट्रीय युवा दिवस पर भारतीय संस्कृति से विश्व को परिचित कराने वाले स्वामी विवेकानंद जी का पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है. स्वामी जी कहा करते थे उठो, जागो, और ध्येय की प्राप्ति तक रुको मत. विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी की कही बातों का अनुसरण करना चाहिए. उनके दिये गये संदेश राष्ट्र की युवा शक्ति के लिये एक प्रेरणा का स्रोत हैं, जो उन्हें देश और समाज सेवा के लिये हमेशा प्रोत्साहित करते रहेंगे. स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर महाविद्यालय के प्राचार्य की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं करोना को ध्यान में रखते हुए कुछ छात्र उपस्थित थे. जिनमें नगर के सहमंत्री, गणेश कुमार, रोहित कुमार, साहिल कुमार, अजीत कुमार, भुल्ला राज, रवि कुमार, दीपक कुमार छोटू कुमार, रौशन कुमार, जीतेंद्र कुमार आदि मौजूद थे.

- विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने की विद्यार्थियों से किया आह्वान

## उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता



कार्यक्रम में उपस्थित सचिव, प्राचार्य व शिक्षक.

### स्काई विजन पब्लिक स्कूल में मनायी गयी विवेकानंद जी जयंती

**प्रतिनिधि, लखीसराय**

नया बाजार स्थित स्काई विजन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को विद्यालय की प्राचार्या गायत्री अचार्जी की अध्यक्षता में कोरोना नियमों का पालन करते हुए वेदांत के विख्यात एवं प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी के जयंती मनायी गयी.

प्राचार्या ने विवेकानंद जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की. तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने भी उन्हें पुष्पांजलि अर्पण कर नमन किया. विद्यालय प्राचार्या गायत्री आचार्जी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी एक महान दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु एवं महान शिक्षाविद् थे. उन्होंने कहा कि हमें उनकी कही हर बातों को अपने जीवन में अनुशरण करना चाहिए. उठो जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं जाता, उनके प्रसिद्ध वचन थे. जिन्हें हमलोग अपने वास्तविक जीवन में उतारकर सफलता हासिल कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि वे केवल संत ही नहीं अपितु एक महान देशभक्त, प्रसिद्ध वक्ता, विचारक, लेखक और मानव प्रेमी भी थे. वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के भी प्रमुख प्रेरणा स्रोत बने. वहीं सचिव सविता शर्मा ने अपने अभिभाषण में स्वामी विवेकानंद को देश की धरोहर बताते हुए कहा कि विवेकानंद के ओजस्वी और सारगर्भित व्याख्यानों की प्रसिद्धि विश्वभर में है. उन्होंने विदेशों में जाकर भी अपने देश को गौरवान्वित करने का काम किया है. उन्होंने कहा कि विवेकानंद के जीवन की अंतलय यही थी कि वे इस बात से आश्वस्त थे कि धतरी की गोद में यदि ऐसा कोई देश है जिसने मनुष्य की बेहतरी के लिए ईमानदार कोशिशें की है तो वह भारत ही है. मौके पर प्रशासक नीरज कुमार, प्रबंधक विमलेश कुमार, प्रमोद कुमार, सौरव तिवारी, अभिषेक कुमार, ईशिता सोम, प्रियंका गुप्ता, श्रुति राज, प्रभाकर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

जागरण - 5/3/22



# सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की भूमिका अहम : विश्वनाथ प्रसाद

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नाथ पब्लिक स्कूल परिसर की सफाई करते बच्चे ● जागरण

संवाद सहयोगी, लखीसराय: राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर शनिवार को स्थानीय बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित किए गए।

यह दिवस देश के सुरक्षा बलों एवं उन सभी सोल्जर के लिए मनाया जाता है, जो देश को सुरक्षा देते हैं। संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है।भारत में 1966 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का गठन किया गया।इसके बाद देश में प्रत्येक वर्ष चार मार्च को नेशनल सेफ्टी डे मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ रोजगार परक बनाने की जरूरत है। सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि वे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं।परंतु रोजगार का अवसर और प्रोत्साहित करना तो सरकार का दायित्व है। आज हमें देश के सुरक्षा कर्मियों को अभिवादन करना चाहिए।इनके रहमोकरम पर हम सुरक्षित हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्वयं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस मौके पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपदा से निपटने,पोस्टर,स्लोगन एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं सीमा कुमारी, निकिता कुमारी, मुस्कान कुमारी, खुशी कुमारी, प्रशांत कुमार, गुलशन कुमार, कृष्णा मूर्ति, अंकित कुमार, अमन राज, अल्बर्ट कुमार व सौरभ कुमार ने डस्टबिन लेकर स्कूल परिसर की सफाई की।

V उपसमाचार - 5/3/22

# संस्कृति विकास में युवा अहम


**लखीसराय।** राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर शनिवार को स्थानीय बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोज़ित किए गए। यह दिवस देश के सिक्युरिटी विभाग एवं उन सभी सोल्जर के लिए मनाया जाता है, जो देश को सुरक्षा देते हैं। संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है। भारत में 1966 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का गठन किया गया। इसके बाद देश में प्रत्येक वर्ष चार मार्च को नेशनल सेफ्टी डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ रोजगार परक बनाने की जरूरत है। सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि वे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं। परंतु रोजगार का अवसर और प्रोत्साहित करना तो सरकार का दायित्व है। आज हमें देश के सुरक्षा कर्मियों को अभिवादन करना चाहिए। इनके रहमोकरम पर हम सुरक्षित हैं।

भास्कर - 5/3/22

# सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की अहम भूमिका: विश्वनाथ प्रसाद

## नाथ पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर हुई गतिविधियां

**भास्कर न्यूज** | लखीसराय



राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर गतिविधि करतीं छात्राएं।

सुरक्षा एवं संस्कृति के विकास में अहम भूमिका होती है। यह दिवस देश की सुरक्षा में लगे सैनिकों के लिए मनाया जाता है। शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में किया गया। मौके पर स्कूली बच्चों ने सुरक्षा एवं संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में हिस्सा लिया। कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित किए गए।

संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है। भारत में 1966 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का गठन किया गया। इसके बाद देश में प्रत्येक वर्ष चार मार्च को नेशनल सेफ्टी डे मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ रोजगार परक बनाने की जरूरत है। सचिव ने कहा कि वे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं। परंतु रोजगार का अवसर और प्रोत्साहित करना तो सरकार का दायित्व है। आज हमें देश के सुरक्षा कर्मियों को अभिवादन करना चाहिए। इनके रहमोकरम पर हम सुरक्षित हैं। मौके पर छात्र-छात्राओं को स्वंय सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। स्कूली बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आपदा से निपटने, पोस्टर, स्लोगन एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं सीमा कुमारी, निकिता कुमारी, मुस्कान कुमारी, खुशी, प्रशांत कुमार, गुलशन कुमार, कृष्णा मूर्ति, अंकित कुमार, अमन राज आदि ने सफाई की।

# इस्पात उद्योग प्लास्टिक कचरे को संपदा में बदल सकता है

## बोले आरसीपी

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। इस्पात उद्योग भारत में प्लास्टिक कचरे के लिए दीर्घकालिक स्थायी समाधान प्रदान कर सकता है। केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह ने उद्योग भवन में भारतीय इस्पात अनुसंधान और प्रौद्योगिकी मिशन (एसआरटीएमआई) द्वारा प्रस्तुत 'लौह और इस्पात उद्योग में प्लास्टिक अपशिष्ट उपयोग' शीर्षक वाली रिपोर्ट के निष्कर्षों पर विचार करने के लिए आयोजित बैठक में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे के उपयोग के लिए लौह और इस्पात उद्योग बड़े पैमाने पर काम कर सकते हैं और कचरे को संपदा में परिवर्तित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही मायने में साकार कर सकते हैं।

इस्पात मंत्रालय के सभी अधिकारियों की इस बैठक में मंत्री ने निर्देश दिया कि संबंधित मामले को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ उठायें। ताकि स्टील क्षेत्र को भी प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम 2016 के तहत अंतिम उपयोगकर्ता के रूप में शामिल किया जा सके। बैठक में उम्मीद जताई गई कि एक किलोग्राम प्लास्टिक का उपयोग लगभग 1.3 किलोग्राम कोयले की जगह ले लेगा।

लौह और इस्पात उद्योग में वर्तमान क्षमता के आधार पर हर साल लगभग 2-3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे का उपभोग करने की क्षमता है, जो 2030-31 तक आठ मिलियन टन से अधिक हो जाएगी।

हिन्दुस्तान - 26/3/2022

# नारी आदिशक्ति की प्रतिमूर्ति : विश्वनाथ प्रसाद

## जिला मुख्यालय के निजी शिक्षण संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रमों की रही धूम

संवादसहयोगी, लखीसराय: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित निजी उपक्रम एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों की धूम रही। इन कार्यक्रमों में महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बड़ी कबैया के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में संस्थान के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद ने विद्यालय की शिक्षिकाओं विनीता सिन्हा, सोनी कुमारी, बिंदु कुमारी, पूजा कुमारी व विमला देवी को कलम व डायरी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर नाथ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य उन्हें सामाजिक कुरीतियों से बाहर निकाल कर विकसित करने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने नारी को आदिशक्ति की प्रतिमूर्ति बताया। जबकि शहर के नया बाजार कबैया रोड स्थित ...नम इंटरप्राइजेज गैस एजेंसी कार्यालय में प्रोपराइटर सुरेश प्रसाद ने दो महिला कर्मचारियों अंजली कुमारी एवं वर्षा कुमारी को उपहार देकर सम्मानित किया। उधर



नाथ पब्लिक स्कूल में शिक्षिकाओं को कलम व डायरी देते संस्था के डायरेक्टर विश्वनाथ प्रसाद ● जागरण





लाल इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षिका रूबी कुमारी को सम्मानित करती संस्थान की चेयरमैन ममता देवी ● जागरण

प्रभात खबर
5/3/22

# सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की भूमिका अहम : विश्वनाथ प्रसाद

**लखीसराय**. राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर शनिवार को स्थानीय बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित किये गये. यह दिवस देश के सिक्युरिटी विभाग एवं उन सभी सोल्जर के लिए मनाया जाता है जो देश को सुरक्षा देते हैं. संस्थान की प्राचार्य विनीता सिन्हा की अध्यक्षता एवं प्रबंधक नाथ अमिताभ के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि किसी भी देश की सुरक्षा संस्कृति के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है. भारत में 1966 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का गठन किया गया. इसके बाद देश में प्रत्येक वर्ष चार मार्च को नेशनल सेफ्टी डे मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि हमें युवाओं को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ रोजगार परक बनाने की जरूरत है. सचिव विश्वनाथ प्रसाद ने कहा कि वे छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं, परंतु रोजगार का अवसर और प्रोत्साहित करना तो सरकार का दायित्व है. आज हमें देश के सुरक्षा कर्मियों को अभिवादन करना चाहिए, इनके रहमोकरम पर हम सुरक्षित हैं. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्वंय सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. इस मौके पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. आपदा से निपटने, पोस्टर, स्लोगन एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया. छात्र-छात्राओं सीमा कुमारी, निकिता कुमारी, मुस्कान कुमारी, खुशी कुमारी, प्रशांत कुमार, गुलशन कुमार, कृष्णा मूर्ति, अंकित कुमार, अमन राज, अल्बर्ट कुमार व सौरभ कुमार ने डस्टबिन लेकर स्कूल परिसर की सफाई की.

जागरण - 26/3/2022

# अंतर हाउस कबड्डी मैच में महादेवी हाउस ने मारी बाजी

संवाद सहयोगी, लखीसराय: शहर के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर स्पंदन महोत्सव के रूप में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को बालक एवं बालिका वर्ग के बीच अलग-अलग अंतर हाउस फाइनल कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। इसमें बालिका वर्ग की महादेवी हाउस ने लक्ष्मीबाई हाउस को छह प्वाइंट से पराजित कर दिया।

विजेता टीम में कप्तान शांति कुमारी के अलावा अन्नू , रीया, सिमरन, अंशु, खुशी एवं अन्नु कुमारी तथा उप विजेता टीम में कप्तान निशा कुमारी के अलावा स्वाति, राजनंदनी,

**खेलकूद**

- बालक वर्ग में मालवीय हाउस ने विवेकानंद हाउस को 11 प्वाइंट से हराया
- शहर के नाथ पब्लिक स्कूल में चल रहा है तीन दिवसीय स्पंदन महोत्सव

अनुष्का, उज्ज्वल एवं राजनंदनी द्वितीय शामिल थी। इसी तरह बालक वर्ग में मालवीय हाउस ने विवेकानंद हाउस को 11 प्वाइंट से हरा दिया। मैच में विजेता टीम मालवीय हाउस के कप्तान विकास सिंह के अलावा कुणाल, लव शेखर, रीषभ, राहुल, रौशन एवं नीतीश कुमार तथा उप विजेता टीम विवेकानंद हाउस में कप्तान अंकित, कुणाल कुमार, यश



नाथ पब्लिक स्कूल में कबड्डी खेलती बालिका टीम ● जागरण

वर्धन, अमन, नीरज, राजन एवं कुश कुमार शामिल थे।

जबकि सीनियर वर्ग के बालक वर्ग में विवेकानंद हाउस ने मालवीय हाउस को 13 प्वाइंट से शिकस्त दिया। सीनियर वर्ग में विजेता टीम विवेकानंद हाउस के कप्तान राहुल कुमार के अलावा शिवराज, अंशु, आदित्य, आयुष, नारायण एवं संदीप तथा उप विजेता टीम में मालवीय हाउस के कप्तान हर्ष राज के अलावा हनी राज, सौरभ सुमन, शिवम, प्रशांत, राज आनंद एवं सूरज कुमार शामिल थे। इससे पहले संस्थान के प्रबंधक नाथ अमिताभ एवं जिला कबड्डी संघ के सचिव सह कोच शंभु कुमार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लिया तथा टास उछालकर खेल प्रारंभ कराया। नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव सह संस्थापक विश्वनाथ प्रसाद ने बताया कि शनिवार को एएसपी सैयद इमरान मसूद एवं जिला खेल पदाधिकारी परिमल खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करेंगे। विजेता एवं उप विजेता हाउस को प्रशस्ति पत्र, मेडल व कप देकर सम्मानित करेंगे।

जागरण 27/4/22

# अंतर प्रखंड बालिका कबड्डी में बड़हिया को हरा सूर्यगढ़ा विजेता


विजेता टीम को सम्मानित करते (दायें से) कबड्डी संघ अध्यक्ष संजीव अम्बष्ट व नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव विश्वनाथ प्रसाद ● जागरण

संवाद सहयोगी, लखीसराय : शहर के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय स्पंदन महोत्सव शनिवार को अंतर प्रखंड स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी मैच के साथ संपन्न हो गया। बालिका वर्ग में पहले चक्र के कबड्डी मैच बड़हिया प्रखंड और सूर्यगढ़ा प्रखंड की रामपुर टीम के बीच खेली गई।


इसमें बड़हिया को नौ प्वाइंट से हराकर सूर्यगढ़ा-रामपुर की टीम विजेता घोषित हुई। जबकि दूसरे चक्र खेल में बालक वर्ग से लखीसराय प्रखंड और सूर्यगढ़ा प्रखंड के बीच मैच खेला गया। इसमें लखीसराय ने सूर्यगढ़ा को दस प्वाइंट से पराजित कर विनर कप हासिल करने में कामयाब हुए। खेल शुरू होने से पहले नाथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा फ्लेग मार्च कर अतिथि खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया गया। इसके बाद जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अरविंद भारती, शेखपुरा के जिला पार्षद ललन कुमार, नाथ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नाथ अमिताभ एवं जिला कबड्डी संघ के सचिव शंभु कुमार व सूर्यगढ़ा प्रखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजीव अम्बष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। खेल समापन के बाद नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव सह संस्थापक विश्वनाथ प्रसाद ने विजेता टीम को गोल्ड मेडल एवं विनर कप तथा उप विजेता टीम सिल्वर मेडल एवं रनर कप देकर सम्मानित किया।

# अंतर प्रखंड बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में सूर्यगढ़ा की टीम ने बड़हिया की टीम को 9 प्वाइंट से हराया

## नाथ पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय स्पंदन महोत्सव का हुआ समापन, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

भास्कर न्यूज़ | लखीसराय

अंतर प्रखंड कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की सूर्यगढ़ा की टीम विजेता बनी। सूर्यगढ़ा ने बड़हिया को 9 प्वाइंट से हराया। नाथ पब्लिक स्कूल में चल रही तीन दिवसीय स्पंदन महोत्सव का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन शहर के बौद्ध सर्किट स्थित नाथ पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर अंतर प्रखंड स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी मैच का आयोजन किया गया था। बालिका वर्ग में पहले चक्र के कबड्डी मैच बड़हिया प्रखंड और सूर्यगढ़ा प्रखंड के रामपुर टीम के बीच खेली गई। बड़हिया को नौ प्वाइंट से हराकर सूर्यगढ़ा-रामपुर की टीम विजेता घोषित हुई।जबकि दूसरे चक्र खेल में बालक वर्ग से लखीसराय प्रखंड और सूर्यगढ़ा प्रखंड के बीच मैच खेले गए। इसमें लखीसराय ने सूर्यगढ़ा को दस प्वाइंट से पराजित कर विनर कप हासिल करने में कामयाब हुए। खेल शुरू होने से पहले नाथ पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा फ्लेग मार्च कर अतिथि खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया गया। इसके बाद जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष अरविंद भारती,शेखपुरा के जिला पार्षद ललन कुमार,नाथ पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नाथ अमिताभ एवं जिला कबड्डी संघ के सचिव शम्भू कुमार व सूर्यगढ़ा प्रखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजीव अम्बष्ट ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। नाथ पब्लिक स्कूल के सचिव सह संस्थापक विश्वनाथ प्रसाद ने विजेता को गोल्ड मेडल एवं विनर कप तथा उप विजेता टीम सिल्वर मेडल व रनर कप से सम्मानित किया।



रेड करतीं खिलाड़ी।